# टोनी की डबलरोटी






# टोनी की डबलरोटी

# टोनी की डबलरोटी










बहुत ज़माने पहले इटली के एक बड़े शहर मिलानो के पास के गाँव में डबलरोटी बनाने वाला एक बेकर रहता था. सब लोग अंतोनियो को टोनी बुलाते थे.

अपनी बेकरी में टोनी सिर्फ डबलरोटी ही बनाता था. उसकी बनाई डबलरोटी लोग बेहद पसंद करते थे. टोनी का सिर्फ एक सपना था. शायद एक दिन उसकी मिलानो में एक बेकरी हो और वो उत्तरी इटली का सबसे प्रसिद्ध बेकर बने.

टोनी अपनी बेटी सेराफिना के साथ रहता था. टोनी की पत्नी का जल्द ही देहांत हो गया था. इसलिए टोनी ने बेटी को बचपन से अकेले ही पाला था. बहुत लाड़-प्यार में बेटी बिगड़ गई थी!

"टोनी बेटी साथ एक राजकुमारी जैसा व्यवहार करता है," जिया क्लोतिल्डा ने कहा.

"वो बेटी के लिए सबसे बेहतरीन कपड़े, महंगे जेवर, और उसकी मनपसंद की सभी चीज़ें खरीदता है," जिया कैटरीना ने कहा.



"बेटी अपनी ऊँगली नहीं उठाती है. वो सिर्फ बैठी रहती है. वो सिर्फ खिड़की में बैठी रहती है और मिठाई खाती रहती है," जिया क्लोरिंडा ने कहा.

"अब बेटी बड़ी हो गई है. पर टोनी को कोई भी लड़का, अपनी बेटी के योग्य नहीं लगता है," तीनों बहनों ने एक-दूसरे से दबी आवाज़ में कहा.

यह सच भी था. टोनी को वाकई लगता था कि कोई भी लड़का उसकी बेटी के योग्य नहीं था. सेराफिना से जो स्थानीय लड़के मिलने आते उनसे टोनी बात तक नहीं करता था.

इसलिए बेचारी सेराफिना खिड़की के परदे के पास बैठी मिठाई खाती रहती और सिर्फ रोती रहती थी.



एक दिन एंजेलो नाम का एक रईस आदमी उस गाँव से गुज़र रहा था. जब वो टोनी के घर के सामने से गुज़रा तब हवा के एक झोंके से खिड़की का पर्दा उठा और एंजेलो ने एक निगाह सेराफिना को देखा. एंजेलो और सेराफिना दोनों ने एक-दूसरे को देखा. पहली नज़र में उन दोनों में प्रेम हो गया.

तीनों बहनें पास ही में खड़ी थीं. "वो खिड़की के पीछे सुन्दर लड़की कौन है?" एंजेलो ने उन तीनों बहनों से पूछा. "वो कितनी सुन्दर है, क्या उसकी शादी हो चुकी है?"





“ज़नाब,” जिया क्लोतिल्डा ने कहा. “वो सेराफिना है – टोनी बेकर की बेटी. उसकी अभी शादी नहीं हुई है.”

“शायद उसकी शादी जल्दी होगी भी नहीं,” जिया कैटरीना ने कहा.

“सेराफिना से शादी करने लायक कोई योग्य वर नहीं है,” जिया क्लोरिंडा ने कहा.

“चलो, मैं उसके बारे में देखूँगा,” एंजेलो ने कहा. “पर आप अब मुझे ज़रा सेराफिना के बारे में पूरी जानकारी दें.”




फिर वो रईस आदमी और तीनों बहनों ने घंटों बातें कीं. जल्द ही एंजेलो को सेराफिना और टोनी के बारे में सारी जानकारी हासिल हुई. एंजेलो को टोनी के सपने के बारे में भी पता चला – टोनी उत्तरी इटली का सबसे प्रसिद्ध बेकर बनना चाहता था.



“आपका इस सब जानकारी के लिया बहुत-बहुत शुक्रिया,” एंजेलो ने तीनों बहनों से कहा. “मैंने एक योजना बनाई है जिससे मुझे एक पत्नी मिलेगी और टोनी का सपना भी पूरा होगा. पर उसके लिए मुझे आपकी मदद चाहिए होगी. मैं चाहता हूँ कि आप यह करें ......”

अगले दिन टोनी को बेकरी में एक चिट्ठी मिली.




माननीय बेकर साहिब,

मेरा नाम एंजेलो है और मैं मिलानो का एक रईस हूँ. मैं आपके गाँव से गुज़र रहा था. वहां मुझे आपकी लज़ीज़ डबलरोटी खाने का मौका मिला!

क्या आप इस इतवार को प्रार्थना के बाद मुझे चर्च के बाहर मिलेंगे. मैं आपके सामने एक प्रस्ताव रखना चाहता हूँ.

एंजेलो डी मिलानो

अगले दिन सेराफिना को भी एक गुप्त चिट्ठी मिली.



प्रिय सेराफिना,

मैंने आपको आपके घर की खिड़की में बैठे हुए देखा. मुझे एक नज़र में आपसे प्रेम हो गया!

अपना प्रेम ज़ाहिर करने के लिए मैं आपके लिए यह अंगूठी भेज रहा हूँ.

शायद हम जल्द ही पति-पत्नी हों!

एंजेलो तुम्हारा सच्चा प्रेमी

फिर जिया क्लोतिल्डा, जिया कैटरीना और जिया क्लोरिंडा ने अपना रोल निभाया.


“अरे टोनी, क्या तुमने मिलानो के उस रईसजादे को देखा?” जिया क्लोतिल्डा ने पूछा.

“उसने तुम्हारे बारे में तमाम जानकारी इकट्ठी की. ऐसा लगता है जैसे उसे तुम्हारी डबलरोटी बेहद पसंद आई!” जिया कैटरीना ने कहा.

“दुनिया में मिलानो जैसी कोई और जगह नहीं है,” जिया क्लोरिंडा ने टोनी से कहा. “जिस तरह से एंजेलो ने पूछताछ की, ऐसा लगता है जैसे वो तुमसे मिलना चाहता है.”

“आपने बिल्कुल सही फ़रमाया,” टोनी ने तीनों बहनों से कहा, “वो आदमी मुझसे इतवार वाले दिन मिलने वाला है, चर्च में प्रार्थना के बाद. उस आदमी का नाम है - एंजेलो डी मिलानो.”

“क्या तकदीर है तुम्हारी!” तीनों बहनें चिल्लाईं. “हाँ, प्रिय सेराफिना ...!” फिर तीनों बहनें एक-दूसरे से कुछ फुसफुसाईं.





“मिस्टर अंतोनियो, मुझे बहुत ख़ुशी होगी अगर आप अपनी बेटी के साथ मिलानो आयें और मेरे घर में रहें.” एंजेलो ने कहा.

“हाँ, अगर आपको मिलानो पसंद आए तो मैं वहां के प्रमुख चर्च के सामने आपके लिए एक बेकरी खुलवाने में भी मदद कर सकता हूँ. तब आपकी शोहरत पूरी इटली में फैलेगी. इस बात का मैं आपको आश्वासन दे सकता हूँ.”

यह सब सुनकर टोनी को अपने कानों पर यकीन नहीं हुआ. लगता है अब उसका सपना पूरा होने वाला था. “आपका बहुत-बहुत शुक्रिया मिस्टर एंजेलो. तुम मुझे टोनी कहकर ही बुलाओ. मेरे सभी दोस्त मुझे टोनी ही बुलाते हैं.”

“हाँ एक बात और है मिस्टर टोनी,” एंजेलो ने आगे कहा. “इससे आपकी बेटी को भी बड़ा फायदा होगा. अगर आपकी बेटी मेरी मेज़ पर मेरी पत्नी जैसे बैठेगी तो मुझे काफी अच्छा लगेगा. हाँ, आपकी शुमार जल्द ही इटली के महान बेकर में होगी.”



इससे बात बनी! टोनी ने एंजेलो की बात मानी. उसके बाद टोनी और सेराफिना, एंजेलो के साथ मिलानो गए. वहां उन्होंने बड़े चर्च के आसपास की गलियों के चक्कर लगाए और वहां पर स्थित सभी बेकरियों का मुआइना किया.

उन्होंने उन बेकरियों के केक, बिस्कुट, ब्रेड, कुकी और अन्य चीज़ें चखीं. टोनी को वहां की डबलरोटी सबसे ज्यादा पसंद आई. वो एकदम सफ़ेद आटे की बनी थी – कुछ का आकार फिरकियों जैसा था और उनके ऊपर अलग-अलग तरह के बीज चिपके थे.





"देखो मिस्टर एंजेलो," टोनी ने कहा, "मैं यहाँ की उच्च कोटि की बेकरियों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता हूँ. मैं सिर्फ साधारण किस्म की डबलरोटी ही बनाना जानता हूँ. मिलानो में मेरी डबलरोटी खाकर, लोग मेरा मज़ाक उड़ायेंगे. इसलिए मैं और सेराफिना अब वापिस घर जाएंगे."

"नहीं, कभी नहीं!" एंजेलो चिल्लाया.

"नहीं पापा!" सेराफिना भी चिल्लाई. न सिर्फ सेराफिना को एंजेलो से प्रेम हो गया था, वो उस विशाल महल जैसे घर में रहना चाहती थी और वहां के बेहतरीन भोजन खाना चाहती थी.

“काश पापा आप फलों, किश्मिशों, मेवे डालकर स्वादिष्ट डबलरोटी बना पाते,” सेराफिना के कहा.

“या फिर आप दूध, अंडों और शहद की कोई स्वादिष्ट डबलरोटी बना पाते!”



“दूध, अंडे और शहद,” टोनी ने कहा. वो अब गहराई से सोचने लगा था.

“चाशनी में पके फल,” सेराफिना ने कहा. “किशमिश,” एंजेलो ने कहा.

“वाह!” फिर तीनों ख़ुशी से चिल्लाए.

“मैं सबसे स्वादिष्ट डबलरोटी बनाऊँगा! वैसी डबलरोटी आजतक किसी ने नहीं खाई होगी. मैं उसे सफ़ेद आटे, क्रीम, फल, अंडों और मोटी-मोटी किश्मिशों से बनाऊँगा,” टोनी चिल्लाया.



“बहुत खूब पापा!” सेराफिना ने पिता के गाल को चूमते हुए कहा.

फिर एंजेलो ने अपने नौकरों को बुलाया और उन्हें उस नायाब डबलरोटी बनाने के लिए सब सामान लाने के लिए भेजा.




अगले दिन सुबह टोनी और सेराफिना सारे सामान के साथ अपने गाँव वापिस लौटे.

वहां टोनी ने अपने प्रयोग शुरू किए. अंत में उसने सफ़ेद आटे, किश्मिशों और चाशनी के पके फलों और मेवा की एक नायाब डबलरोटी बनाई.



ब्रेड को भट्टी में पकाने से पहले टोनी ने एंजेलो को अगले दिन दोपहर को अपने यहाँ आने का निमंत्रण भेजा.

फिर टोनी ने डबलरोटी के आटे को बड़े-बड़े प्यालों में रखा और उसके बाद वो सोने चला गया. जब टोनी सो रहा था तब खमीर वाला आटा उठने लगा, फूलने लगा.





अगले दिन सुबह टोनी ने उस फूले हुए आटे से अपनी दुकान के हरेक बर्तन को भरा. उसके बाद भी कुछ आटा बच गया. टोनी ने उसे एक गमले में डाला और उसे भी पकने के लिए भट्टी में रखा.

जब एंजेलो वहां पहुंचा तब उस समय डबलरोटी भट्टी में से बाहर निकल रही थीं. जब टोनी ने पहली ब्रेड के स्लाइस किए तो सभी लोग अपनी सांस थामे खड़े रहे. एंजेलो ने पहला टुकड़ा खाया. टोनी ने भी खाया. जिया क्लोतिल्डा, जिया कैटरीना और जिया क्लोरिंडा ने भी खाया.



“वाह! क्या कमाल की डबलरोटी है!” सब चिल्लाए.

“मैं यह सभी डबलरोटी, मिलानो वापिस ले जाऊँगा और अपने दोस्तों को खिलाऊँगा,” एंजेलो ने कहा और फिर वो मिलानो वापिस गया.

कुछ दिनों बाद टोनी के पास एक चिट्ठी और गाड़ी भर कर सामान आया.

प्रिय टोनी,

मैं और डबलरोटी बनाने का सामान भेज रहा हूँ.

आप जितनी डबलरोटी बना सकते हैं, बनायें. फिर मैं आपको बुलाने के लिए सवारी भेजूंगा. जब आप मिलानो में प्रवेश करेंगे तो वहां के लोग आपका झंडों से स्वागत करेंगे. फिर सेराफिना मेरी हो जाएगी.

आपका भावी दामाद

एंजेलो

*नोट: कृपा सभी डबलरोटी गमलों में ही पकाएं. मेरे दोस्तों को वो आकार सबसे ज्यादा पसंद आया.*



क्रिसमस से कुछ दिन पहले एंजेलो ने टोनी और सेराफिना को बुलाने भेजा. जब उनकी गाड़ी ने मिलानो में प्रवेश किया तो वाकई में सैकड़ों लोग उनके स्वागत में झंडे लेकर खड़े थे.

शहर के बिशप और मेयर भी टोनी और सेराफिना के स्वागत में उपस्थित थे.

“मिलानो, खुशनसीब है कि आप हमारे शहर में पधारे. अब हमें हमेशा आपकी बढ़िया डबलरोटी खाने को मिलेगी!”

अगले दिन जब टोनी की बेकरी के दरवाज़े खुले तब बाहर इतनी भीड़ थी कि बिशप के सिपाहियों को वहां पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया गया. पूरा मिलानो शहर वहां मौजूद था. सिर्फ एंजेलो और सेराफिना वहां नहीं थे क्योंकि पास के एक छोटे चर्च में उनकी शादी हो रही थी.

शादी के समय एंजेलो और सेराफिना को सिर्फ यही शब्द सुनाई दे रहे थे – टोनी की डबलरोटी! टोनी की डबलरोटी! आज बरसों बाद भी क्रिसमस के समय मिलानो में लोग टोनी की डबलरोटी ज़रूर खाते हैं.





वाह सेराफिना! वाह एंजेलो!

वाह टोनी!

